>

Title: Need to accord the status of Scheduled Tribe to the Kol Tribe of Uttar Pradesh.

श्री रेवती रमन सिंह (इलाहाबाद) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से एक अत्यंत महत्वपूर्ण सवाल इस सदन में उठाना चाहता हूं। आप परिचित होंगे कि उत्तर प्रदेश में कोल जाति के लोग, इलाहाबाद, मिर्जापुर, सोनभद्र, चित्रकूट, बांदा और कई जिलों में निवास करते हैं। लेकिन अफसोस की बात है कि अन्य राज्यों में चाहे छत्तीसगढ़ हो, उत्तरांचल हो, झारखंड हो, मध्य प्रदेश हो, उड़ीसा हो, आसाम हो, मेघालय हो, बिहार या राजस्थान हो, यहां पर कोल जाति के लोगों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा मिला हुआ है।

* Not recorded

लेकिन मान्यवर, बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह जी ने कैबिनेट और विधान सभा उत्तर प्रदेश से प्रस्ताव पारित करके केन्द्र सरकार के पास भेज रखा है और केन्द्र सरकार के पास वह प्रस्ताव लम्बित है। आज तक केन्द्र सरकार ने उस पर कोई फैसला नहीं किया है। मान्यवर, लाखों लोग इस वजह से प्रभावित हैं। मान्यवर, मुलायम सिंह जी के प्रस्ताव पारित करने के बाद सैंकड़ों कोल जाति के बच्चों को पुलिस में नौकरी मिली थी लेकिन केन्द्र सरकार ने किया नहीं और उत्तर प्रदेश की मायावती जी की सरकार ने उसे खारिज कर रखा है इसलिए आज वे अपने अधिकार से वंचित हैं। मान्यवर, अभी आपने स्वयं देखा था कि कई प्रदेशों से, जनजाति के लोग, पैदल मार्च करके यहां आये और भारत सरकार को उनकी बात मंजूर करनी पड़ी। इसलिए ऐसा न करें कि हम लोगों को भी पैदल मार्च करना पड़े।